प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर से

दिनांकः 14.03.2024 समय : 01:00 पी.एम.

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दोहराया है कि नागरिकता संशोधन कानून–सीएए नागरिकता का अधिकार देने वाला कानून है और यह किसी की नागरिकता नहीं छीनेगा। एक समाचार एजेंसी को दिए साक्षात्कार में श्री शाह ने कहा कि सीएए अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से आए हिंदू, बौद्ध, जैन, सिख, ईसाई और पारसी शरणार्थियों को अधिकार और नागरिकता प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि नागरिकता संशोधन अधिनियम, सीएए के प्रावधानों के तहत सभी को समान अधिकार मिलेंगे क्योंकि वे अब भारत के नागरिक बन जाएंगे। श्री शाह ने कहा कि अल्पसंख्यकों को घबराने की जरूरत नहीं है क्योंकि सीएए में किसी की नागरिकता छीनने का कोई प्रावधान नहीं है।

00व0

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज एक निजी टेलीविजन चैनल द्वारा दिखाए गए स्टैच्यू ऑफ यूनिटी : एकता का प्रतीक शीर्षक के वृत्तचित्र के एक एपिसोड को साझा किया। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर आधारित इस एपिसोड को देखना एक अद्‌भुत अनुभव होगा। इसे देखकर हर किसी को जल्द से जल्द केवडिया की यात्रा करने की इच्छा होगी। यह वृत्तचित्र विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा के निर्माण की प्रारंभिक स्थिति से लेकर इसके समापन तक की कठिन यात्रा को दिखाता है। यह वृत्तचित्र आश्चर्यजनक दृश्यों, रोचक तथ्यों और विस्मयकारी कहानियों से युक्त है।

000

प्रदेश में आज दो अलग–अलग सड़क हादसों में छह लोगों की मृत्यु हो गयी। हनुमानगढ के रावतसर में धन्नासर के पास एक ट्रक और जीप की टक्कर में तीन महिलाओं सहित चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। दो घायलों को रावतसर ट्रोमा सेंटर पहुंचाया गया। एक गंभीर घायल को जिला चिकित्सालय रैफर किया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।
वहीं एक अन्य हादसे में झालावाड़ के झालरापाटन में कोटा–इंदौर मार्ग पर एक कार और जीप की टक्कर में कार सवार महिला और उसके चार वर्षीय बच्चे की मौके पर ही मृत्यु हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि कार सवार ये लोग मध्यप्रदेश के रहने वाले हैं और अपने रिश्तेदार से मिलने सुसनेर जा रहे थे।

000

आज विश्व किडनी दिवस है। इस साल किडनी दिवस का विषय है – सभी के लिए किडनी स्वास्थ्य। यह गंभीर किडनी रोग के बढ़ते खतरों और विभिन्न स्तरों पर चुनौतियों से निपटने के लिए किडनी की समुचित देखभाल करने पर केंद्रित है। किडनी शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में शामिल है और यह शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालकर उसे स्वस्थ रखने में सहायता करती है।

000

पूर्व मुख्यमंत्री जयनारायण व्यास की आज पुण्यतिथि है। श्री व्यास देश के स्वतंत्रता सेनानी, राजनेता के साथ–साथ लेखक, कवि और पत्रकार के रूप में जाने जाते हैं। वे कांग्रेस के टिकट पर ही जोधपुर से संविधान सभा के लिए भी चुने गये थे। इस अवसर पर जयपुर स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर पार्टी के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

000

शिक्षा और पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर आज करौली जिले के दौरे पर हैं। उन्होंने कैला देवी और श्री मदन मोहन मंदिर के दर्शन किये। उनका वहां विकसित भारत संकल्प पत्र कार्यक्रम में भी शामिल होने का कार्यक्रम है।

000

प्रदेश में आज से राज्य के पश्चिमी और उत्तरी भागों में पश्चिम विक्षोभ का असर देखने को मिलेगा। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार इसके प्रभाव से जोधपुर और बीकानेर संभाग के सीमावर्ती क्षेत्रों में

बादल छाए रहने तथा कुछ स्थानों हल्की बारिश की संभावना है। शेष भागों में आगामी दिनों में मौसम शुष्क बने रहने की संभावना है। इससे पहले कल राज्य के पश्चिमी और पूर्वी हिस्सों में कहीं—कहीं पर हल्की वर्षा दर्ज की गयी। जैसलमेर सहित कई इलाकों में हल्की से मध्यम वर्षा हुई। राजधानी जयपुर में दोपहर बाद बादल छाए रहे और धूलभरी हवा चली।

000

आज सिख नव वर्ष की शुरूआत हो रही है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में आशा व्यक्त की है कि वाहेगुरु की असीम कृपा सभी प्राणियों को कल्याण और प्रचुरता प्रदान करेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि गुरु साहिबों का ज्ञान समाज को अपने उज्ज्वल मार्गदर्शन से आलोकित करता रहे।

000